सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

GOVERNMENT OF RAJASTHAN

Department of Information Technology & Communication

Ref.No.:- F5(581)/DoIT/Tech/12/I/24768/2014 Date : 17/10/2014

कलक्टर एवं अध्यक्ष,
जिला ई–गवर्नेस सोसायटी, राजस्थान।

विषय :– **ई–मित्र मे उपलब्ध संसाधनों का सभी ई–गवर्नेस सेवाओं में उपयोग करने हेतु।**

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक जिला मुख्यालय, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर *'राजस्थान सम्पर्क केन्द्र'* स्थापित किये जा रहे है। इन राजस्थान सम्पर्क केन्द्रो पर भामाशाह नामांकन, बैकिंग कॉरसपोन्डेट (Banking Correspondent), आमजन से प्राप्त शिकायतो को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर अपलोड करना एवं ई–मित्र की सेवाऐं आमजन को प्रदान किया जाना है।

इसी क्रम में सभी राजस्थान सम्पर्क केन्द्रों पर आम जनता को सभी सेवाऐं सुलभता से उपलब्ध करवाने हेतु केन्द्रो द्वारा कार्यालय समय के पूर्व एवं पश्चात तथा राजकीय अवकाशों में भी जन सामान्य को, अन्य ई–मित्र कियोस्को के अनुरूप सेवा प्रदत्त करना आपेक्षित है। इस विभाग को यह ज्ञात हुआ है कि कई जिलो में इन केन्द्रो पर सेवाऐं देने का समय मात्र कार्यालय समय तक सीमित किया हुआ है जो सरकार की मंशा के विपरित है। अतः लेख है कि, आमजन को उपरोक्त सभी सेवाऐं ससमय सुलभता से उपलब्ध करवाने के लिए अपने स्तर से दिशा निर्देश जारी करने का श्रम करें जिससे कि आमजन को आवश्यकतानुसार उपरोक्त केन्द्र कार्यालय समय के पश्चात एवं सरकारी अवकाश में भी कार्य कर सकें।

(अखिल अरोरा)
शासन सचिव

Ref.No.:- F5(581)/DoIT/Tech/12/ Date :

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. सभी नोडल अधिकारी, जिला ई–गवर्नेस सोसायटी, राजस्थान।
2. सभी एलएसपी।

(आर.के.शर्मा)
सिस्टम एनालिस्ट(संयुक्त निदेशक)